


# सराहनीय कार्य

## इटावा पुलिस

**प्रेस नोट-दिनांक 21.08.2026**

- **इटावा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ित की साइबर धोखाधड़ी में गयी सम्पूर्ण धनराशि ₹92,100/- सफलतापूर्वक वापस करायी गयी।**
- **एसएसपी इटावा के निर्देशन में साइबर सेल टीम चकरनगर द्वारा की गयी प्रभावी कार्यवाही ।**

**जनपद में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं पीड़ितों को त्वरित राहत प्रदान किये जाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में साइबर सेल टीम चकरनगर द्वारा तत्परता दिखाते हुए पीड़ित की साइबर धोखाधड़ी में गयी सम्पूर्ण धनराशि ₹92,100/- सफलतापूर्वक वापस करायी गयी।**

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

आवेदक श्री मोहित कुमार पुत्र अमर सिंह, निवासी थाने के पास, लखना रोड, चकरनगर, थाना चकरनगर, जनपद इटावा द्वारा दिनांक 22.06.2026 को साइबर क्राइम पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करायी गयी थी। शिकायत में आवेदक द्वारा उसके साथ ₹92,100/- की साइबर धोखाधड़ी किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया था।

शिकायत प्राप्त होते ही थाना चकरनगर पुलिस द्वारा प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुए तत्काल आवश्यक कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। सम्बन्धित बैंक/वित्तीय संस्थानों से समन्वय स्थापित कर साइबर अपराध से सम्बन्धित धनराशि को ट्रेस एवं होल्ड कराने तथा पीड़ित को वापस दिलाये जाने हेतु निरन्तर प्रभावी प्रयास किये गये।

थाना चकरनगर पुलिस की त्वरित कार्यवाही एवं निरन्तर प्रयासों के परिणामस्वरूप आज दिनांक 21.08.2026 को पीड़ित मोहित कुमार की साइबर धोखाधड़ी में गयी सम्पूर्ण धनराशि ₹92,100/- सफलतापूर्वक वापस करायी गयी।

**अपने रुपये वापस पाकर शिकायतकर्ता द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इटावा पुलिस एवं एसएसपी इटावा का विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।**

**पुलिस टीमः-** प्रभारी निरीक्षक श्री बलराम मिश्रा थाना चकरनगर, कम्प्यूटर ऑपरेटर विमलेश कुमार ।

**नोट- इटावा पुलिस द्वारा सभी से अपील की जाती है कि किसी भी प्रकार के ऑनलाइन लेन-देन करते समय खाते का विवरण सावधानीपूर्वक जांच लें तथा किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 अथवा www.cybercrime.gov.in या स्थानीय थाने पर शिकायत दर्ज करें ।**